# 17 वीं राष्ट्रीय स्काउट–गाइड जम्बूरी

दिनांक 29 दिसम्बर 2016 से 4 जनवरी 2017 तक मैसूर (कर्नाटक)

## जम्बूरी सामान्य जानकारी :–

आगमन दिनांक 28 दिसम्बर 2016 की दोपहर पूर्व प्रदेश दल को उपस्थित होना है एवं दिनांक 4 जनवरी 2017 को सब केम्प चीफ की अनुशंसा पर जम्बूरी कार्यालय से नोड्यूज प्रमाण–पत्र लेकर कार्यमुक्त किया जावेगा ।

## रेल्वे व यातायात :–

रेल्वे स्टेशन मैसूर से 17 कि0मी0 बैगलुर से 159 कि0मी0 की दूरी पर बैगलुर से मैसूर रेल्वे / बस स्टेण्ड पर भी पहुंजा जा सकता है । मैसूर सीटी रेल्वे स्टेशन या बस स्टेण्ड से 30 रूपये प्रतिव्यक्ति पर बस उपलब्ध करायी जावेगी ।

## मौसम :–

सामन्य दिन के साथ रात्रि में 10 डिग्री तक तापमान रहेगा । अतः गरम कपड़े व गरम बिस्तर आवश्यक रहेगा ।

## पास व सुरक्षा :–

प्रत्येक प्रतिभागी को पंजीयन के साथ परिचय पत्र दिया जावेगा जो अनिवार्यतः यूनिफार्म पर पहनना होगा । किसी भी प्रतिभागी स्काउटर–गाइडर को जम्बूरी एरिया से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी । दल नेता के अनुशंसा व कारण होने पर स्थानीय मार्केट व कार्य होने पर सुरक्षा केन्द्र द्वारा पास जारी होने पर बाहर जा सकेगें । सम्पूर्ण क्षेत्र में सी0सी0टी0वी0 कैमरा से नियंत्रण किया जावेगा ।

## प्रदेश दल की सामग्री :–

ध्वज, कलरपार्टी सामग्री, 24X12 इंच की नेमप्लेट मय 12 इंच का हन्थेके (केप्टिल लेटर में प्रदेश के नाम), गेट सामग्री, एरिना प्रदर्शन सामग्री, प्रदर्शनी, स्किल ओ रामा, ग्लोबल डवलपमेन्ट विलेज, झांकी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, फूडप्लाजा, केम्पफायर, केम्पक्राफ्ट, फोंकडॉस, शारीरिक प्रदर्शन, वाद्ययंत्र, इमरजंसी लाइट, भोजन बनाने के बर्तन, गैस भट्टी ।प्लास्टिक की कोई भी सामग्री थैली, प्लास्टिक मग, प्लेट, चम्मच, बॉटल पूर्णतः प्रतिबंधित है । स्टील के बर्तन, जूट व कागज बैग का उपयोग करें ।

## व्यक्तिगत सामग्री :–

दो जोड़ पूर्ण व व्यवस्थित यूनिफार्म, हल्का गरम बिस्तर, पहनने व बदलने के कपड़ै, भोजन करने के बर्तन(प्लास्टिक छोड़कर) चार्ट, प्रसाधन सामग्री, रेनकोट / छतरी, पेन, डायरी, पानी की बॉटल, कम्पास, आवश्यक दवाईयॉ, ड्राइंगशीट, रंगीन पेपर, स्केचपेन,  कलर ब्रश, रूकसेक, स्काउट रोप आदि ।

## एडवांस पार्टी :–

प्रदेश से एडवांस पार्टी दिनांक 27 दिसम्बर 2016 तक शिविर स्थल पर पहुंचकर प्रदेश की आवश्यक जानकारी, पंजीयन, अलाटमेन्ट आदि पूर्ति कर सकेगी ।

## साइटसीन :–

कर्नाटक ट्रांसपोर्ट द्वारा साइटसीन की व्यवस्था की गई है जो 250 से 300 कि0मी0 के स्थलों का भ्रमण करायेगें । बिना ए0सी0 42 सीटर बस 10688/– (प्रति व्यक्ति रू0 255/– लगभग) एसी 38 सीटर बस 23165/– ( प्रतिव्यक्ति रूपये 610/– लगभग) एकत्र किये जावेगें । अतः प्रथम दिवस सूची मय राशि के राज्य भ्रमण प्रभारी को जमा करावें ।

## पानी, प्रकाश, सेनिटेशन :–

पानी का सदुपयोग व बचत करने का दायित्व व्यक्तिगत व दल में सामुहिक रहेगा । पीने हेतु आर0ओ0 पानी उपलब्ध किया जा सकेगा । जिसका समुचित उपयोग आवश्यक है ।

सेंनिटेशन ब्लाक की पृथक पृथक पर्याप्त सफाइ की व्यवस्था रहेगी फिर भी दल व व्यक्तिगत रूप से अपने क्षेत्र के ब्लाक की स्वच्छता की ओर पर्याप्त ध्यान देना होगा

जम्बूरी परिसर में पर्याप्त सामग्री हेतु स्टॉल, दुकाने, भण्डार शॉप, अस्पताल, खोया–पाया केन्द्र, व सी0सी0टी0वी कैमरे लगे होगें फिर भी प्रत्येक प्रदेश दल को अपने अपने दल की सुरक्षा व्यवस्था रखी जानी आवश्यक है ।

## उद्घाटन व समापन कार्यक्रम :–

प्रदेश की ओर से कार्यक्रम हेतु पूर्व तैयारी 28 दिसम्बर 2016 को प्रारंभ होगी जिसमें बैण्ड व कलरपार्टी का चयन भी किया जावेगा ं उद्धाटन कार्यक्रम हेतु दल की व्यवस्था निम्नानुसार रहेगी–

| | |
|---|---|
| मध्यप्रदेश पट्टीधारी | 1 |
| कलरपार्टी | 5 |
| स्काउट लीडर | 1 |
| गाइड लीडर | 1 |
| स्काउट्स प्लाटुन | 18 |
| गाइड्स प्लाटुन | 18 |
| कुल | 44 |

## कार्यक्रम व प्रतियोगिता :–

व्यक्तिगत कार्यक्रम में मनोरंजक कार्यक्रम, साहसिक कार्यक्रम, स्किल व सेवा आधारित कार्यक्रम, ज्ञानात्मक कार्यक्रम, इन्ट्रीगेशन (भावात्मक एकता), खेल आदि सब केम्प आधारित होगें ।

## विभागवार कार्यक्रम :–

शिविर कला :– प्रतिदिन सब केम्प चीफ द्वारा निरीक्षण के दौरान शिविरकला का मुल्यांकन किया जावेगा जिसमें यूनिफार्म, स्मार्टनेश, टेन्ट व ले आउट, गजेट्स, विट्स, सजावाट, सफाई का मुल्यांकन होगा ।

तैयारी :– प्रत्येक टोली अपने साथ गजेट्स हेतु लाठी, रूल्स, रस्सी, सुतली, हस्तकाला व पायनियरिंग मॉडल, चार्टस, लॉगबुक, रंगोली, सब्बल, फावड़ा, झाडु, ग्राउण्डशीट, गेट सजावट सामग्री, रंगीन पेपर, चुनरी आदि साथ लावे एवं कम से कम 6 गजेट्स, चुल्हा, 2 गड्डे, फेन्सिंग, एक मल्टीपरपज गेजेटस्ट, टोली ध्वज तैयार कर प्रदर्शित करेगें ।

स्टेट गेट :– विभागवार एक राज्य का गेट तैयार किया जावेगा । अतः रंगोली, सफेदा, रंगीन व चमकीले पेपर आदि साथ लावे ।

## स्काउट–गाइड कला :–

विभाग वार निम् कला का प्रदर्शन होना है जिसमें एक एक टोली की प्रतिभागिता होगी

(अ) टोली पायनियरिंग प्रोजेक्ट :–
तैयारी– चलता फिरता ध्वज दण्ड, ट्रेसल पूल, मल्टीपरपज गेजेस्ट्स तैयार किये जा सकते है ।

(ब) सिंगलिंग :– मोर्स या सीमाकोर–
तैयारी – सिंगलिंग झण्डी साथ ले जावे ।

(स) प्राथमिक चिकित्सा :– तृतीय सोपान स्तर की प्राथमिक चिकित्सा
तैयारी– प्राथमिक चिकित्सा बाक्स, 10 पट्टियॉ, स्ट्रेचर हेतु 6 फीट की 2 लाठियॉ ।

(द) अंदाज लगाना :– दूरी, ऊचाई, चौड़ाई व वजन का अंदाज लगाने का अभ्यास व तरिको का प्रदर्शन करना है ।
तैयारी – मापन की लाठी, रस्सी, नोटबुक, पेन्सिल, पेन आदि ।

(इ) टेन्ट लगाना :– तृतीय सोपान स्तर पर टेन्ट लगाना है अतः लाठी, रस्सी, खूंटे, चादर, आदि के साथ 8 स्काउट, 8 गाइड के साथ पूर्ण तैयारी रखें ।

पायनियरिंग प्रोजेक्ट :– स्काउट विभाग व गाइड विभाग के द्वारा पृथक पृथक तैयारी किया जावेगा यूनिट लीडर मार्गदर्शन दे सकेगें । अतः आवश्यक रस्सी, खूंटे, आदि साथ ले जावे एवं लकड़ी, बल्ली, बॉस किराये/विक्रय हेतु जम्बूरी स्थल पर उपलब्ध रहेगें ।

मार्चपास्ट :– मार्चपास्ट प्रतियोगिता में 32 स्काउट, 32 गाइड के पृथक पृथक प्लाटुन होगें । जिसमें आगे एक तख्तीधारी एक लीडर व 30 स्काउट/ गाइड प्लाटुन होगें । (10 की लाईन) कुल 32 । अतः पूर्ण व व्यवस्थित यूनिफार्म व एकरूपता, मार्चिग, कौशल कमॉण्ड, सेक्युटिंग, स्मार्टनेश आवश्यक है ।

बैण्ड :– राज्य दल के साथ स्काउट–गाइड के साथ पृथक पृथक अथवा संयुक्त बैण्ड दल का प्रदर्शन हो सकेगा । जिसमें न्यनतम 17 एवं अधिकतम 32 का दल रहेगा । सेरेमनी के समय सेमरिमोनियल ड्रेस पहन सकते है किन्तु प्रतियोगिता के समय स्काउट–गाइड यूनिफार्म अनिवार्य होगी । प्रमुख रूप से सैल्युट, मार्चिंग, स्लो मार्च, राष्ट्रगान व फार्मेशन का प्रदर्शन होना चाहिये ।

शारीरिक प्रदर्शन :– स्काउट–गाइड विभागवार प्रदर्शन होगा । जिसमें न्यूनतम 24 स्काउट/24 गाइड सम्मिलित होगें । यूनिट लीडर बैण्ड रिदम या वाद्ययंत्र का संचालन कर सकेगें ।

कलरपार्टी :– प्रत्येक राज्य दल के साथ 5 सदस्यीय एक संयुक्त कलरपार्टी रहेगी जो सफेद ग्लोबब्स व एकालेट्स पहनेगे । ध्वज वाहक लेदर केरियर बैल्ट, पहन सकेगें । आगे 3 जिसमें बायी ओर एसोसिएशन ध्वज व दायी ओर राष्ट्रीय ध्वज होगा । ध्वज दण्ड 7 फीट का एवं फ्लेगपोल टॉप 10 से0मी0 का होगा । सीधे हाथ से ध्वज दण्ड पकड़ेगे जो चेहरे के सामने अन्दर हथेली के साथ रहेगा । व सीध हाथ कंधे से सटाकर सामने रहेगा । कलरपार्टी की मार्चिग, ध्वज संचालन स्थिति, लीडर द्वारा फहराना, मुड़कर वापस अपने स्थान पर जाना, ध्वज फहराना व समेटना, स्मार्टनेस, यूनिफार्म पर मुल्यांकन किया

जावेगा । कलरपार्टी एक समान हाइट , दोनो ध्वज समान साईज (3X4.5) के लिये जावे ।

झॉकी :– '' मुझे भारतीय होने पर गर्व है '' थीम आधारित प्रदेश दल की एक चलित झॉकी जम्बूरी एरिना में प्रदर्शित की जावेगी जिसमें प्रदेश के प्रमुख राष्ट्रीय नायक/नायिका, भावात्मक एकता, लाककला, संस्कृति, लोकनृत्य, खानपान, पहनावा, त्योहार, सेवाकार्य का प्रदर्शन किया जाना है।

ग्लोबल डवलपमेन्ट विलेज :–टाइटल सीख जिन्दगी के लिये '' ग्लोबल डवलपमेन्ट विलेज के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के हस्तकला, लघउद्योग, स्थानीय कला, का प्रदर्शन किया जाना है ।

निम्न गतिविधियॉ प्रस्तावित है :–

1. स्थानीय बर्तन बनाना
2. एकिलिक पेंटिंग
3. पी0ओ0पी0 के मॉडल निमार्ण
4. ओरिगामी
5. कबाड़ से हस्तकला बनाना
6. मोमबत्ती बनाना
7. वागल बनाना
8. लकड़ी की हस्तकला
9. ड्राइंग/पेन्टिंग/कोलाग
10. फ्रेण्डशीप बैण्ड (राखी बनाना)
11. रंगोली
12. स्थानीय हस्तकला, लघुउद्योग

हाईक :– गाइड्स हेतु दिवस हाईक व स्काउट हेतु रात्रि हाईक के आयोजन सब केम्प वार आयोजित की जावेगी । जिसकी आवश्यक तैयारी के साथ सम्मिलित होगें ।

रूट मार्च :– जम्बूरी अवधि में 5000 स्काउट–गाइड का एक दिन रूट मार्च निकाला जावेगा जो लगभग 4 कि0मी0 का होगा । प्रत्येक राज्य दल से चयनित स्काउट–गाइड पूर्ण यूनिफाम्र में कलरपार्टी व बैण्ड के साथ सम्मिलित होगें ।

एडवेंचर व फन बेस गतिविधि :– प्रत्येक स्काउट–गाइड हेतु साहसिक व मनोरंजक आधारित गतिविधियॉ निर्धारित बेस पर संचालित की जावेगी ।

दुनिया की सैर (अराउण्ड द वर्ल्ड) :–

सम्पूर्ण विश्व की जानकारी व जम्बूरी में लघु विश्व का रूप देखने हेतु प्रत्येक राज्य दल को एक राष्ट्रका नाम आवंटित किया गया है । मध्यप्रदेश को – '' स्पेन '' देश आवंटित किया गया है।

प्रत्येक राज्य दल से अधिकतम 6 स्काउट, 6 गाइड प्रतिभागिता दे सकेगें । राज्य को 30X15 फीट का बैनर/बोर्ड साथ लाना है । जिसमें 6 इंच के प्रदेश के नाम के अक्षर व उसके नीचे 4 इंच में देश ना के अक्षर लिखे जावेगें ।

प्रदेश को आवंटित देश की यूनिफार्म, वेषभूषा, कला, संस्कृति, भौगौलिक स्थिति, इतिहास, स्काउट–गाइड की प्रगति की जानकारी बैनर, फ्लेक्स बोर्ड, चार्ट्स, मॉडल के रूप में प्रदर्शित की जाना है । अतः संबंधित पूर्ण तैयारी करके साथ ले जाना है ।

जम्बूरी समय में 3 घन्टे का प्रदर्शन रहेगा जिसमें सभी प्रतिभागी कम से कम 5 प्रदेश की विजिट कर 5 देशों की जानकारी प्राप्त करेगें ।

प्रदर्शनी :– प्रत्येक राज्य को राज्य की प्रदर्शनी लगायी जाना है जिसमें अपने प्रदेश की मूल कला, सांस्कृतिक धरोहर, स्काउट–गाइड के गौरवमयी जानकारी, हस्तकला, लोककला साइंस व पायनियरिग प्रोजेक्क्ट के मॉडल, संग्रह सामग्री, स्काउट–गाइड की प्रगति की जानकारी आदि का प्रदर्शन किया जावेगा ।

पतंग उड़ाना :–जम्बूरी अवधि में रंग–बिरंगी पतंग उड़ाने का कार्यक्रम भी रखा जावेगा । प्रदेश से कम से कम 2 स्काउट, 2 गाइड की प्रतियोगिता अनिवार्य है । अतः पतंग व डोरी साथ लाना है ।

योग :– 1 जनवरी 2017 की प्रातः योग का प्रदर्शन होगा जिसमें 32 स्काउट, 32 गाइड सम्मिलित होगें । योग में सूर्यनमस्कार, कपालभांती, अनुलोम–विलोम, सिहासन, बज्रासन, दीर्घप्रणायाम आदि कराये जावेगें ।

सर्वधर्म प्रार्थना :– 4 जनवरी 2017 को प्रातः 7.00 बजे सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया जावेगा । जिसमें कम से कम 32 स्काउट, 32 गाइड को सम्मिलित होना है ।

पेट्रोल इन कौन्सिल :–'' बेहतर कल के लिये एक साथ '' **Together For Better Tomarrow ,,** विषय आधारित पेट्रोल इन कौन्सिल का आयोजन किया जावेगा । प्रदेश से 8 स्काउट, 8 गाइड सम्मिलित होगें । प्रथम 20 मिनिट में आने वाले वर्ष में उक्त थीम के क्रियान्वयन पर चर्चा करेगें तत्पश्चात् टोलीनायक 1 मिनिट में मंच पर अपने लिखित सुझाव का वाचन करेगें । अन्त में कार्यक्रम आयोजक अपना अभिमत प्रदान करेगें । अतः 8 स्काउट व 8 गाइड जो श्रेष्ठ वक्ता व चिंतक हो हिन्दी व अंग्रेजी का ज्ञान हो उन्हें सम्मिलित करावें ।

दल नायक कान्फ्रेन्स :– पेट्रोल इन कौन्सिल की तरह ट्रप/कम्पनी लीडर कान्फ्रेन्स का आयोजन किया जावेगा । अतः प्रदेश से स्मार्ट, श्रेष्ठ वक्ता व स्काउटिंग–गाइडिंग के जानकार एक स्काउट–गाइड को सम्मिलित किकया जावेगा ।

प्रत्येक राज्य द्वारा एक कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत की जावेगी जो अध्यक्ष को प्रस्तुत की जावेगी ।

युथ फोरम :– सर्विस रोवर–रेंजर हेतु यूथफोरम का आयोजन किया जावेगा । जिसमें प्रत्येक राज्य से 2 रोवर्स, 2 रेंजर्स सम्मिलित होगें ।सीनियर स्काउट–गाइड, रोवर–रेंजर वर्तमान कार्यक्रमों में अधिक सक्रियता लाने हेतु क्या परिवर्तन ला सकते है इस विषय पर अपने विचार रखेगें ।

क्वीज प्रतियोगिता :– प्रत्येक राज्य से 2 स्काउट, 2 गाइड क्वीज प्रतियोगिता में भाग लेगें जिसमें स्काउट–गाइड आन्दोलन, कार्यक्रम, जम्बूरी कार्यक्रम, सामान्य ज्ञान आधारित प्रश्नों पर क्वीज की जावेगी । जिसके क्रम में प्रश्नोत्तरी, द्वष्य द्वारा (विडियो दिखाकर ) श्रवण (क्लिक सुनाकर) चित्र दिखाकर व धारा प्रवाह प्रश्न करके क्वीज संचालित की जावेगी

वयस्क लीडर संगोष्ठी :– जम्बूरी अवधि में प्रशिक्षक दल संगोष्ठी एवं हिमालय वुड बैज होल्डर बैठक का आयोजन किया जावेगा जिसमें सम्मिलित होने वाले

जम्बूरी अवधि में रक्तदान केन्द्र व नेत्रदान केन्द्र भी स्थापित किये गये है जिसमें 20 वर्ष से अधिक उम्र के प्रतिभागी भाग ले सकेगें ।

न्यु ईयर कार्यक्रम :– न्यु ईयर कार्यक्रम के समय फैशन शो का आयोजन भी किया जावेगा जिसमें प्रत्येक राज्य से 2 रोवर व 2 रेंजर भाग ले सकेगें ।

जम्बूरी बुलटिन :– प्रथम दिवस से प्रतिदिन जम्बूरी बुलेटिन का प्रकाशन किया जावेगा जो न्यूनतम दर पर पुछताछ केन्द्र पर उपलब्ध रहेगी । प्रथम दिवस पंजीयन कराने पर उपलब्ध हो सकेगी ।

सुरक्षा :– जम्बूरी परिसर में सुरक्षा हेतु पर्याप्त संसाधन सी0सी0टी0वी0 कैमरे रहेगें फिर भी दल द्वारा अपने स्तर पर भी सुरक्षा का प्रबंध कर ड्यूटी आवंटित की जाना चाहिये ।

विक्रय केन्द्र :– परिसर में भारत स्काउट एवं गाइड की स्काउट–गाइड शॉप संचालित रहेगी जहॉ पर यूनिफार्म सामग्री के अतिरिक्त अन्य उपयोगी सामग्री भी विक्रय की जावेगी ।

खोया–पाया विभाग :– जम्बूरी में राज्य दल नेता के माध्यम से खोया या प्राप्त सामग्री की जानकारी पूछताछ केन्द्र पर की जा सकेगी ।

स्वास्थ्य केन्द्र :– जम्बूरी में अस्थायी अस्पताल व चिकित्सा केन्द्र की व्यवस्था है फिर भी अपनी आवश्यक दवाईयॉ अपने साथ ले जावे । व प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स साथ रखें ।

सुपर मार्केट :– जम्बूरी परिसर में सुपर मार्केट, खानपान केन्टीन, एस0टी0डी0पी0सी0ओ0, पोस्ट ऑफिस, बैक, एटीएम व मोबाईल रिचार्ज केन्द्र भी उपलब्ध रहेगें ।

–000–